E-mail: sugandh.cbse@gmail.com
Website: www.cbseacademic.in
Tel: 011-23220155
23220083

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
शिक्षा सदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली-110002.
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)
"Shiksha Sadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, Delhi-110002

**के.मा.शि.बो/शै./अ.नि.(अ.एवं न.)** **23 मई 2016**

**परिपत्र संख्या 18/2016**

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध**
**सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए**

## चलो हम प्रकृति 2016 का उत्सव मनाएं

**अधिगम विद्यार्थियों के लिए आनन्दमय बन जाता है क्योंकि वे......**

1. *गुणों को आत्मसात कर लेंगे जिसके द्वारा वे हमेशा मनुष्यों में साथ ही साथ मनुष्य और प्राकृतिक वातावरण में मैत्रीपूर्ण और संवहनीय अंत:क्रिया की आवश्यकता को समझेंगे।*
2. *स्थानीय जरूरतों की उपयुक्तता के अनुसार योजना बनाकर वातावरणीय समस्याओं का योजनाबद्ध और सृजनात्मकता से निदान करेंगे।*
3. *सक्रिय रूप से आवश्यक आंकड़ों एवं अवधारणाओं का स्वतंत्र रूप से अनुसंधान कर अपने वर्तमान ज्ञान में वृद्धि करेंगे।*
4. *अपने विचारों को कला, लेखन, भाषण और डिजिटल माध्यम से प्रभावी रूप से संप्रेषित करेंगे।*

पर्यावरण संबंधी जागरूकता एक वैश्विक पहलू है, चाहे यह ग्रीनहाऊस गैस का प्रभाव हो या वैश्विक गर्मी का, सभी का कारण मानविक कार्यकलाप हैं, अन्ततः जिसका परिणाम समग्र रूप से जलवायु में बदलाव है, जो कि प्रचण्ड रूप से हमारे पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है। हम अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए प्रकृति पर निर्भर हैं। इससे इन संसाधनों का अनियंत्रित रिक्तीकरण और यहाँ तक कि विनाश तक हो रहा है। इस 21वीं शताब्दी में आवश्यक है कि पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों के प्रभावी संरक्षण के लिए हम सतर्क और उत्तरदायी नागरिक बनें। विद्यालय निम्न दिवसों का आयोजन कर सकते हैं और सुझाए गए कार्यकलाप (या अपने स्वयं के कार्यकलाप) स्वयं के निर्धारण के अनुसार कर सकते हैं।

**05 जून 2016: विश्व पर्यावरण दिवस 2016**, विषय: 'जीवन के लिए वन्य बनें'।

**08 जून 2016**: **हमें विश्व सागर दिवस** विद्यार्थियों को सागर के महत्त्व के प्रति संवेदनशील करने के अवसर के रूप में मनाना चाहिए। सागर जो विस्तृत जल जीवन के आधार हैं और हमारी पृथ्वी के दो तिहाई सतह पर फैले हैं।

**17 जून 2016**: भूमि से जुड़ी मुख्य पर्यावरणीय चुनौती जो कि रेगिस्तानीकरण और सूखे के कारण प्रभावित हो रही है, के प्रति विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाने के लिए हमें **रेगिस्तानीकरण और सूखे का मुकाबला करने के लिए विश्व दिवस** मनाना चाहिए।

इन दिवसों का वैश्विक आयोजन आने वाली पीढ़ी को यह याद दिलाने के अवसर के रूप में करना है कि सभी प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण का संरक्षण और सुरक्षा महत्त्वपूर्ण है तथा मानव के स्वयं के अस्तित्व के लिए आवश्यक है। विद्यालय प्रमुखों से इस समारोह को उनके विद्यार्थियों और शिक्षकों हेतु सभी के लिए शिक्षण अवसर बनाने के लिए निवेदन किया जाता है। कुछ सुझाई गई गतिविधियाँ हैं-

**कक्षा I से V**

1. अपने विद्यालय/घर के बगीचे में एक छोटे से भाग में अपनी पसंद की किसी भी मौसमी सब्जी को लगाने हेतु तैयार करने के लिए चयन करें
2. अपने बगीचे में एक छोटा सा गड्ढा बनाएं (किसी बड़े की निगरानी में) रसोई के सभी अपशिष्ट को खाद बनाने के लिए उसमें डालें, तैयार की गई खाद बगीचे में डालें
3. पर्यावरण हितैषी थैले (घर के किसी बड़े या विद्यालय के कला शिक्षक के मार्गदर्शन में) "**गो ग्रीन**" के टैग सहित बनाएं
4. अपने घर के कई स्थानों पर पक्षिओं को भयानक गर्मी का मुकाबला करने के लिए पानी के कटोरे रखें। सुनिश्चित करें कि प्रत्येक दिन पानी बदला जाता है
5. 'समुद्री जीवन की एक झलक' पर पोस्टर निर्माण

**कक्षा VI से VIII**

1. पक्षी कई प्रकार के घोंसले बनाते हैं जो हमेशा हमे आकर्षित करते हैं। विविध पक्षियों के घोंसलों की तस्वीरों का संदर्भित सूचना के साथ अवलोकन एवं संग्रह कर उसका समुच्चित चित्र बनाएं।
2. प्राचीन भारत में जलाशयों में जल संचयन के लिए कई माध्यम अपनाए जाते थे। पता लगाएं कि किस प्रकार मूल रूप से या कुछ बदलावों के साथ आज के विश्व में जल संचयन के लिए वे प्रयोग में लाए जा सकते हैं।
3. बीमारियों विशिष्टत: गर्मियों के दौरान फैलने से बचने के लिए हमारा आस पड़ोस साफ सुथरा रहना चाहिए। संदेश के साथ पोस्टर तैयार करें।
4. वन्य जीवन अमूल्य धरोहर है लेकिन अवैध व्यापार के कारण इनकी कई प्रजातियों का शोषण हो रहा है। इन प्रजातियों की पहचान कर सूचना एकत्र करें और कक्षा में प्रस्तुत करें
5. 'आरोग्य महासागर आरोग्य-भूमंडल' पर कक्षा में चर्चा का आयोजन करें



**बुनकर चिड़िया (बया) बुद्धिमता की आश्चर्यजनक उदाहरण है जो कि उसके द्वारा टहनियों डंठलों और अन्य सामग्री से प्रशंसनीय आकार में तैयार घोंसलो से परिलक्षित होता है।**

**कक्षा IX से XII**

1. मानो कि आपको अपनी कालोनी के आवासीय क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, आपके द्वारा उठाए गए कदमों पर एक रिपोर्ट लिखें।
2. अभी हाल ही में हमारे देश के कई पहाड़ी क्षेत्रों में आग लगी थी, इसके बारे में जानकारी प्राप्त करें और विविध तथ्यों यथा इसका कारण, प्रभाव और रोकथाम पर पावर प्वाइन्ट प्रस्तुतीकरण तैयार करें।
3. हमारे देश के कई क्षेत्र भयानक सूखे का सामना कर रहे हैं एक जिम्मेदार नागरिक की हैसियत से अपने दैनिक जीवन में पानी के संरक्षण के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में चर्चा करें।
4. 'वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम और उसके महत्व' पर एक सेमिनार आयोजित करें।
5. बंजर जमीन को कैसे खेतिहर जमीन में परिवर्तित किया गया इस संबंध में वास्तविक जीवन की सफलता की कहानियों के बारे में पता करें और कक्षा में प्रस्तुत करें।

**नोट:-**

- उपरोक्त कार्यकलाप सुझावात्मक है और संबंधित शिक्षक से अपने विद्यार्थियों को उपरोक्त को करने के लिए संप्रेषण एवं मार्गदर्शन करने के लिए निवेदन किया जाता है। प्लास्टिक अपशिष्ट के कम उत्पन्न होने के लिए यह सुझाव दिया जाता है कि विद्यालय स्तर पर आयोजित समारोह/सेमिनार/कार्यशाला के आयोजन के समय पानी की बोतलों के प्रयोग को कम किया जाए।

**CLICK HERE TO FILL THE REPORT BY 29TH JULY, 2016**

- उपरोक्त कथित गतिविधियों की फोटोप्रतियां या वीडियो प्रति विद्यालय के नाम तथा सम्पूर्ण पते एवं संबद्धता संख्या सहित श्रीमती अर्चना ठाकुर, सहायक प्रोफेसर और उप निदेशक को cbse.archana@gmail.com पर भेजे जा सकते है।

के.मा.शि.बो. के सभी विद्यालय प्रमुखों से सुझाई गई गतिविधियों का अपने विद्यालय में माह जून 2016 या विद्यालय खुलने के प्रथम दस दिनों के अन्दर आयोजन कर (यदि विद्यालय माह जून 2016 में बंद हो रहें हों) प्रकृति 2016 को मनाए जाने के महत्त्वपूर्ण अवसर के संदेश को अपने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ साझा करने के लिए अनुरोध किया जाता है। ये गतिविधियाँ सुझावात्मक हैं और अपनी आवश्यकतानुसार संशोधित की जा सकती हैं।

किसी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए श्रीमती अर्चना ठाकुर, सहायक प्रोफेसर और उप निदेशक से दूरभाष संख्या: 011-23230328/ई-मेल cbse.archana@gmail.com पर सम्पर्क करें।

**हस्ताक्षरित/-**
**सुगंध शर्मा**
**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**

**अधोलिखित, समस्त निदेशालयों, संगठनों, संस्थानों के प्रमुखों और अधिकारियों को प्रतिलिपि इस अनुरोध के साथ जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना प्रदान करने का कष्ट करें।**

1 आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2 आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3 शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4 निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5 शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6 निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7 शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8 राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष, वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
9 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10 अपर महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
11 निदेशक, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना), एकीकृत मुख्यालय, FDRC बिल्डिंग नं 202, शंकर विहार (निकट ए पी एस), दिल्ली कैंट-110010.
12 सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी के.मा.शि.बो. को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति प्रेषित करने हेतु
13 एसोसिएट प्रोफेसर/अपर निदेशक/प्रभारी/अनुसंधान एवं नवाचार, शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध के.मा.शि.बो.
14 संयुक्त सचिव/प्रभारी/शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण (शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध, के.मा.शि.बो.)
15 सभी एसोसिएट प्रोफेसर और अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
16 सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सहायक-निदेशक, वोकेशलन सेल, के.मा.शि.बो.
17 सभी सहायक प्रोफेसर एवं संयुक्त निदेशक, के.मा.शि.बो.
18 सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
19 उप निदेशक (परीक्षा एवं सुधार), के.मा.शि.बो.
20 सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, के.मा.शि.बो.
21 जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
22 हिंदी अधिकारी, के.मा.शि.बो.
23 अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
24 सचिव, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
25 परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के के निजी सचिव
26 निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
27 निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के निजी सहायक

**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**